**पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–(विज्ञापन)–48 / 2025**

**बिहार कर्मचारी चयन आयोग**

**पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14**

## आवश्यक सूचना

पत्रांक 4248/आ0 दिनांक 14.10.2025

आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–2987 / आ0, दिनांक–04.08.2025 एवं ज्ञापांक–2984 / आ0, दिनांक–04.08.2025 द्वारा क्रमशः चतुर्थ स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु वि0सं0–05 / 25 तथा कार्यालय परिचारी / परिचारी (विशिष्ट) पद हेतु वि0सं0–06 / 25 प्रकाशित की गयी।

आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–3834 / आ0, दिनांक–24.09.2025 द्वारा उक्त दोनों परीक्षाओं हेतु ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 14.10.2025 तथा आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 16.10.2025 निर्धारित की गयी है।

अभ्यर्थियों के व्यापक हित को देखते हुए उक्त दोनों परीक्षाओं हेतु **ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 14.10.2025 को 21.11.2025 तक एवं आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 16.10.2025 को 24.11.2025 तक विस्तारित की जाती है।**

उक्त परीक्षाओं हेतु अंतिम रूप से आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों में से कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन की प्रविष्टियों / त्रुटियों में सुधार (Edit) हेतु एक अवसर प्रदान करने के निमित आयोग कार्यालय में अभ्यावेदन समर्पित किया गया है। अभ्यर्थियों के द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के आलोक में कतिपय बिन्दुओं पर Edit Option दिया जाना है। जिन बिन्दुओं पर Edit Option दिया जाना है, के संबंध में शीघ्र संसूचित किया जायेगा।

**उक्त दोनों विज्ञापनों हेतु अंतिम रूप से आवेदन समर्पित करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि Edit Option हेतु वांछित लिंक आयोग के वेबसाईट पर दिनांक–31.10.2025 से 24.11.2025 तक उपलब्ध कराया जायेगा।**

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट **https://bssc.bihar.gov.in** का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

14/X/2025

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।